दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

पुलिस ने पकड़ीं नौ लाख की नकली सिगरेट, कैंटर सहित चालक गिरफ्तार / पुलिस ने पकड़ीं नौ लाख की नकली सिगरेट, कैंटर सहित चालक गिरफ्तार

Palwal News - पलवल | नेशनल हाईवे पर तुमसरा टोल बैरियर के निकट से सदर थाने की पुलिस ने एक कैंटर में ले जाई जा रही करीब नौ लाख रुपए की...

Mar 29, 2018, 02:05 AM IST

पलवल | नेशनल हाईवे पर तुमसरा टोल बैरियर के निकट से सदर थाने की पुलिस ने एक कैंटर में ले जाई जा रही करीब नौ लाख रुपए की नकली सिगरेट पकड़ी हैं। कैंटर चालक उक्त सिगरट यूपी के नवीपुर से दिल्ली ले जा रहा था। मौके पर पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाया। डॉ. राजकुमार ने जांच के बाद बताया कि सिगरेट नकली हैं। पुलिस ने डॉ. राजकुमार की तहरीर पर कैंटर चालक मथुरा जिले के छाता निवासी लालचंद व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर सिगरेट से भरे कैंटर को कब्जे में ले लिया।

Source: https://www.bhaskar.com/news/HAR-PAW-MAT-latest-palwal-news-020502-1355520-NOR.html